# यूपी बन सकता है खेल सामान निर्यात का वैश्विक केंद्र



लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि मेरठ के पास स्पोर्ट्स गुड्स विनिर्माण का आधार है। अब हमें बेहतर बुनियादी ढांचे और निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को खेल सामान के निर्माण और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने पर बल देना होगा। विजय किरन ने यह बात बुधवार को यूपी को खेल सामग्री निर्माण का एक वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में आयोजित बैठक में कहीं। इस मंथन का उद्देश्य प्रदेश को खेल सामान निर्माण का हब बनाना है।